अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 लोकतंत्र का सवाल...
6 अफगानिस्तान से टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान...
7 प्रधानमंत्री श्री मोदी का हर सपना साकार करने के लिए हम संकल्पित हैं ...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
संपादक-गोपाल गावंडे
वर्ष - 10 अंक-50 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 09 जनवरी से 15 जनवरी 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

मायावती के हमलों पर अखिलेश यादव ने किया पलटवार, जानें- क्या कहा ?

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बसपा सुप्रीमो मायावती के आरोपों पर पलटवार किया है. शनिवार को अखिलेश ने एक बयान दिया था जिसके बाद बसपा सुप्रीमो भड़की हुई हैं.

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और पूर्व सीएम मायावती के आरोपों पर पलटवार किया है. मायावती द्वारा सोशल मीडिया साइट एक्स पर किए गए पोस्ट्स के संदर्भ में जब अखिलेश से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के ट्वीट हम पढ़ते ही नहीं हैं.

दीगर है कि रविवार और सोमवार, लगातार दो दिनों से बसपा चीफ, सपा प्रमुख पर भड़की हुई हैं. सोमवार को तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि सपा कार्यकाल में बनाए गए एक पुल की वजह से यूपी स्टेट इकाई के दफ्तर की सुरक्षा खतरे में पड़ गई.

इससे पहले अखिलेश ने शनिवार को बलिया दौरे के दौरान मायावती के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने पर गठबंधन के मजबूत होने को लेकर पूछे गए सवाल पर %मायावती पर भरोसे के संकट% की बात कही थी.

मायावती ने सोमवार को लिखा- सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है, हालाँकि बीएसपी ने पिछले लोकसभा आमचुनाव में सपा से गठबन्धन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र व चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया. लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा पुनः अपने दलित-विरोधी जातिवादी एजेण्डे पर आ गई.

बसपा चीफ ने लिखा - और अब सपा मुखिया जिससे भी गठबन्धन की बात करते हैं उनकी पहली शर्त बसपा से दूरी बनाए रखने की होती है, जिसे मीडिया भी खूब प्रचारित करता है. वैसे भी सपा के 2 जून 1995 सहित घिनौने कृत्यों को देखते हुए व इनकी सरकार के दौरान जिस प्रकार से अनेकों दलित-विरोधी फैसले लिये गये हैं.

श्रीकरणपुर विधानसभा चुनाव परिणाम- कांग्रेस का सहानुभूति का कार्ड चल गया, बीजेपी की दांव पड़ा उल्टा

श्रीगंगानगर. राजस्थान में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत पाने वाली बीजेपी श्रीगंगानगर जिले की श्रीकरणपुर विधानसभा चुनाव में मात खा गई. पूर्व में कांग्रेस के कब्जे वाली श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर कब्जा करने के लिए बीजेपी ने यहां से चुनाव लड़ रहे पार्टी के उम्मीदवार सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बना दिया था. मंत्रिमंडल विस्तार में बीजेपी ने यह बड़ा दांव खेला था. लेकिन वह सफल नहीं हो पाया. यहां से कांग्रेस प्रत्याशी रूपेन्द्र सिंह कुन्नर चुनाव जीत गए हैं. उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को करीब 11 हजार से अधिक मतों से चुनाव हरा दिया है.

दरअसल इस सीट पर पूर्व में कांग्रेस ने अपने तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था. लेकिन 25 नवंबर 2024 को होने वाले मतदान से पहले गुरमित सिंह कुन्नर का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था. लिहाजा चुनाव आयोग ने वहां मतदान टाल दिया था. 25 नवंबर को राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर ही मतदान हुआ था. उनमें से 115 सीटें बीजेपी और 69 सीटें कांग्रेस ने जीती थी. शेष पर सीटों पर अन्य पार्टियों के प्रत्याशी और निर्दलीय विजयी हुए थे.

बिलकिस बानो केस में बड़ा फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त की दोषियों की रिहाई

सुप्रीम कोर्ट ने पूरे मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि- कोर्ट का मानना ??है कि राज्य, जहां किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वह दोषियों की माफी याचिका पर निर्णय लेने में सक्षम है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए अपने एक बड़े फैसले में गुजरात दंगों की पीड़िता बिलकिस बानो को बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिलकिस बानो गैंगरेप के दोषियों को सजा में छूट देने वाले गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। बता दें कि साल 2022 के अगस्त महीने में बिलकिस बानो गैंगरेप केस में उम्रकैद की सजा पाए सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

सजा माफी के लिए गुजरात सरकार सक्षम नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने पूरे मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि- कोर्ट का मानना है कि राज्य, जहां किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, वह दोषियों की माफी याचिका पर निर्णय लेने में सक्षम है। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि दोषियों की सजा माफी का आदेश पारित करने के लिए गुजरात राज्य सक्षम नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र सरकार सक्षम है। बता दें कि दोषियों को सजा मुंबई कोर्ट की ओर से दी गई थी।

अदालत के साथ धोखाधड़ी हुई

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा है कि कोर्ट का मानना है कि 13 मई, 2022 का फैसला (जिसने गुजरात सरकार को दोषी को माफ करने पर विचार करने का निर्देश दिया था) अदालत के साथ धोखाधड़ी करके और भौतिक तथ्यों को छिपाकर प्राप्त किया गया था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि दोषियों ने साफ हाथों से अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया था।

उम्र कैद की सजा मिली थी

मुंबई की एक स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने 21 जनवरी 2008 को सभी 11 दोषियों को बिलकिस बानो के गैंगरेप और परिवार के सात सदस्यों की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले को बंबई हाई कोर्ट ने भी बरकरार रखा था। गौरतलब है कि गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप किया गया था, उस वक्त वह 21 वर्ष की थीं और वह पांच महीने की गर्भवती थीं। परिवार के मारे गए सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी।

आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने लगाई ऊंची छलांग, 2022-23 में 254 करोड़ का किया निर्यात

अयोध्या ने निर्यात के क्षेत्र में अपने सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नगर के कमिश्नर का कहना है कि यह समय अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने ऊंची छलांग लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 254 करोड़ रुपये का निर्यात किया है। वर्ष 2021-22 में 110 करोड़ का निर्यात हुआ था। 2022-23 में इसमें 150 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के आधार पर इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

अयोध्या ने निर्यात के क्षेत्र में अपने सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नगर के कमिश्नर का कहना है कि यह समय

आर्थिक क्षेत्र में अयोध्या ने ऊंची छलांग लगाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 254 करोड़ रुपये का निर्यात किया है। वर्ष 2021-22 में 110 करोड़ का निर्यात हुआ था। 2022-23 में इसमें 150 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के आधार पर इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कमिश्नर गौरव दयाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह काल अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। चतुर्दिक विकास के साथ अयोध्या की आर्थिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रगति हो रही है। नौ क्षेत्रों में जनपद ने निर्यात के अपने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

संपादकीय

लोकतंत्र का सवाल

बांग्लादेश में रविवार को आम चुनावों के लिए मतदान हुआ। इस दौरान हिंसा और बहिष्कार की घटनाएं भी सामने आईं। इस चुनाव में वोट प्रतिशत काफी। ये इस बात को जाहिर करता है कि लोकतंत्र के कमजोर होने पर कैसे लोगों का चुनाव से भरोसा खत्म होने लगता है।पड़ोसी बांग्लादेश में रविवार को 12वें आम चुनाव हिंसा की घटनाओं और बहिष्कार की अपीलों के साये में संपन्न हुए। ये चुनाव इस बात का भी संकेत हैं कि किसी देश में लोकतंत्र के ढांचे के बने रहते हुए भी अगर लोकतांत्रिक चेतना कमजोर पड़ने लगे तो वहां चुनाव लोगों की नजर में सार्थकता खोने लगते हैं।

**संपादक-
गोपाल गावंडे**

इसका सबूत यह है कि इन चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। पहले चार घंटों में मात्र 18.5 फीसदी वोट दर्ज किए गए थे।अंतरराष्ट्रीय प्रेक्षकों की मौजूदगी - हालांकि जहां तक इन चुनावों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का सवाल है तो उस पर नजर रखने के लिए 100 से ज्यादा विदेशी प्रेक्षक बांग्लादेश में मौजूद हैं, जिनमें 3 भारतीय भी हैं। इन प्रेक्षकों की रिपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय बिरादरी इंतजार करेगी, लेकिन देश के अंदर के माहौल की बात करें तो चुनावों के विरोध का भाव भले हो, इसके नतीजों को लेकर किसी तरह का सस्पेंस नहीं है।

विपक्ष नदारद

मतों की गिनती का काम सोमवार सुबह से शुरू होगा, लेकिन यह बात तय मानी जा रही है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर से सत्तारूढ़ होंगी। यह उनका कुल मिलाकर पांचवां और लगातार चौथा कार्यकाल होगा। परिणामों को लेकर इस तरह की निश्चितता की वजह यह है कि मुख्य विपक्षी पार्टी BNP इन चुनावों में हिस्सा ही नहीं ले रही। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार के आरोपों में घर में नजरबंद हैं और उनकी पार्टी BNP ने इन चुनावों के बहिष्कार की अपील कर रखी है। चुनावों से पहले ही हजारों की संख्या में विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

कठिन चुनौतियां

वैसे, बांग्लादेश में लंबे समय से राजनीतिक स्थिरता रही है। शेख हसीना 2008 से लगातार सत्ता में हैं। उन्हें बांग्लादेश को आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिया जाता है। कुछ साल पहले तक बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री की बढ़त को एक मिसाल के तौर पर पेश किया जाता था। हालांकि 2022 के बाद से इसकी ग्रोथ पहले जैसी नहीं रही। अब चुनावों के बाद विपक्ष के असहयोग की संभावना को देखते हुए माना जा रहा है कि नई सरकार के लिए आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर इकॉनमी को फिर से पटरी पर लाना शायद आसान न हो।

आंतरिक मामला ॱ भारत सरकार ने ठीक ही यह एकदम स्पष्ट कर रखा है कि चुनाव पूरी तरह से बांग्लादेश का आंतरिक मामला है। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार देखने में आया है। बांग्लादेश की जमीन से भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देने वाले तत्वों पर भी काफी हद तक लगाम लगाई गई है। चुनावों के बाद जो भी सरकार आएगी उसके साथ भारत अपने संबंधों को नई ऊंचाई देने का काम जारी रखेगा।

राजनीति

क्या मालदीव भूल गया ऑपरेशन कैक्टस का वह अहसान, भारतीय जवानों की शौर्य गाथा आज भी करती है हैरान

NBT
हमारा ही अहसान भूल गए...
AFGHANISTAN
PAKISTAN
INDIA
BANGLADESH
MYAN
Bay of Bengal
SRI LANKA
MALDIVES
© BCCL 2024. ALL RIGHTS RES

नीले समंदर और पर्यटन के लिए मशहूर मालदीव की काफी चर्चा है। चर्चा शुरू होती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप की एक यात्रा के बाद। पीएम मोदी 2-3 जनवरी को लक्षद्वीप में थे। उन्होंने यहां की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि प्रकृति सुंदरता के अलावा लक्षद्वीप की शांति मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का जो वीडियो शेयर किया था वह खूबसूरती के लिहाज से मालदीव को टक्कर देता नजर आया।

सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपये खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। लक्षद्वीप की तारीफ चीन की कठपुतली बने मालदीव को नागवार गुजरी। नीले समंदर मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। तीन मंत्रियों ने लक्षद्वीप की यात्रा के बाद एक्स पर पीएम मोदी के पोस्ट के लिए उनकी आलोचना की थी और कहा था कि यह केंद्र शासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का एक प्रयास है। हालांकि तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया जाता है। हाल फिलहाल के बयान और मालदीव का स्टैंड यह बताता है कि वह चीन के हाथों में खेल रहा है। मालवीद शायद भूल गया है कि भारत के उस पर कितने अहसान हैं। मालदीव शायद ऑपरेशन कैक्टस का अहसान भूल गया है। भारत नहीं होता तो शायद मालदीव पर किसी और का ही कब्जा होता।

भारत को छोड़ कोई देश नहीं आया मदद के लिए

बात 1988 की है जब मालदीव बुरी तरह संकट में घिर गया था। नवंबर का महीना और मालदीव की राजधानी में खुलेआम सड़कों पर नकाबपोश हथियारबंद हत्यारे खुलेआम घूम रहे थे। 3 नवंबर मालदीव की राजधानी पर सुनियोजित घुसपैठियों ने दोतरफा हमला बोला। उस वक्त वहां के राष्ट्रपति थे मामून अब्दुल गय्यूम। गय्यूम खतरा देख सुरक्षित स्थान पर जा छिपे और वहीं से कई देशों से मदद मांगी। अमेरिका, ब्रिटेन, श्रीलंका, भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में इमरजेंसी संदेश भिजवाए गए लेकिन भारत को छोड़कर कोई देश सीधे मदद को आगे नहीं आया। पाकिस्तान ने तो हाथ खड़े कर लिए। उस वक्त भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मालदीव की मदद करने का फैसला किया।

ऑपरेशन कैक्टस ने बचाया मालदीव को

तत्कालीन राष्ट्रपति मामून अब्दुल गय्यूम जो कैद से भागने में सफल रहे उनके संदेश का भारत ने जवाब दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक मीटिंग बुलाई और पैराट्रूपर्स और नौसैनिक युद्धपोतों को द्वीप राष्ट्र में भेजा। हस्तक्षेप के अनुरोध के कुछ घंटों बाद 3 नवंबर 1988 की रात को ऑपरेशन कैक्टस शुरू हुआ। भारतीय पैराट्रूपर्स ने राष्ट्रपति को बचाया और जल्द ही राजधानी का नियंत्रण मालदीव सरकार को वापस कर दिया। कुछ भाड़े के सैनिकों को पकड़ लिया गया और सरकार को सौंप दिया गया। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के विजिटिंग फेलो डेविड ब्रूस्टर ने इंडियाज ओसियनॱ द स्टोरी ऑफ इंडियाज बिड फॉर रीजनल लीडरशिप में लिखा है कि इस ऑपरेशन के लिए भारत को अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा मिली। एक वेबसाइट पर प्रकाशित पुस्तक के अंश में कहा गया है कि राष्ट्रपति रीगन ने इस मामले में भारत की निर्णायक कार्रवाई की सराहना की।

भारत तब सबसे आगे

पड़ोसी देश मालदीव शायद उस अहसान को भूल गया जब 1988 मेंअब्दुल्ला लुथुफ़ी के नेतृत्व में मालदीव के एक समूह ने मालदीव में सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रयास किया था। इस समूह को श्रीलंकाई तमिल अलगाववादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन ऑफ तमिल ईलम (क्क्ह्ज्ञश्व) के सशस्त्र भाड़े के सैनिकों द्वारा सहायता प्रदान की गई थी। भारतीय सशस्त्र बलों के हस्तक्षेप (जिसे %ऑपरेशन कैक्टस% नाम दिया गया) ने तख्तापलट की कोशिश को विफल कर दिया था। 1965 में मालदीव की आजादी के बाद से उसे मान्यता देने और देश के राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले देशों में भारत पहले नंबर पर था।

मालदीव शायद भूल गया

मालदीव ने नवंबर 2004 में दिल्ली में एक पूर्ण उच्चायोग खोला जो उस वक्त दुनिया भार में इसके केवल चार राजनयिक मिशनों में से एक था। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल स्ह्ष्ठस्न के लिए बड़ी संख्या में ट्रेनिंग के अवसर प्रदान करता है। भारत ने एमएनडीएफ को हवाई सेवाएं भी प्रदान की हैं। मालदीव को भारत कई बड़े आर्थिक अनुदान दे चुका है। कोरोना के वक्त जब दुनिया महामारी से जूझ रही थी तब एक लाख से अधिक वैक्सीन की खुराक मालदीव पहुंचाई गई। मालदीव पर जब जल संकट आया तब भारत ने मदद पहुंचाई। मालदीव की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा पर्यटन है और भारत से रिकॉर्ड संख्या में सैलानी मालदीव जाते हैं। शायद यह सब बातें मालदीव भूल रहा है।

35 लोगों की मौत के दोषी पाए गए निगम अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए

आज आयुक्त को ज्ञापन देकर कांग्रेस करेगी मांग - चौकसे

इंदौर । इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने मांग की है कि 35 लोगों की मौत के मामले में दोषी पाए गए निगम अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए । इस मामले को लेकर आज सोमवार को नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन देकर मांग की जाएगी ।

चौकसे ने कहा कि रामनवमी के त्यौहार के मौके पर पटेल नगर में बावड़ी की स्लेब धंस जाने से 35 लोगों की मौत हो गई थी । इस दर्दनाक घटना की जिम्मेदारी किसी भी विभाग के किसी भी अधिकारी के द्वारा नहीं ली गई थी और इस घटना पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । इस घटना के बाद में कलेक्टर के द्वारा मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए थे । अब तक यही कहते हुए कार्रवाई करने से सरकारी अमला बच रहा था कि जांच की रिपोर्ट सामने आ जाने दीजिए । अब जब जांच की रिपोर्ट सामने आ गई है तो फिर अब कोई लेत लाली नहीं होना चाहिए ।

चौकसे ने कहा कि इस रिपोर्ट में नगर निगम के उस समय के झोनल अधिकारी अतीक खान, भवन अधिकारी आरोलिया और भवन निरीक्षक प्रभात तिवारी को सीधे तौर पर दोषी बताया गया है । इसके साथ ही इस जोनल कार्यालय पर उनके पूर्व तैनात सभी जोनल अधिकारी, भवन अधिकारी और भवन निरीक्षक को भी दोषी ठहराया गया है । अब इस रिपोर्ट के आने के बाद यह आवश्यक हो गया है कि इन सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए । नगर निगम को जनता के विश्वास को कायम रखने के लिए इस कार्रवाई को करने के लिए आगे आना चाहिए । आज सोमवार को कांग्रेस पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त से मिलकर इस बारे में एक ज्ञापन सौपेगा और इस घटना के लिए दोषी पाए गए अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करेगा ।

अपराधिक प्रकरण दर्ज करें

चौकसे ने कहा कि आज ही हम इंदौर के पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर से मुलाकात करेंगे और उनसे भी यह मांग की जाएगी कि इस रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए ।

मृतकों को दे मुआवजा

चौकसे ने कहा कि इस घटना के बाद भी हमारे द्वारा सरकार से यह मांग की गई थी कि इस घटना में अपनी जान गवाने वाले लोगों के परिवार जनों को एक-एक करोड रुपए का मुआवजा दिया जाए । अभी तक सरकार के द्वारा कोई मुआवजा राशि ना तो घोषित की गई है और नहीं वितरित की गई है । ऐसे में अब यह आवश्यक है कि इन मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजा राशि घोषित की जाए ।

हथियार सहित धराएं

विजयनगर पुलिस ने अजय पिता शंकर मालवीय से तलवार और जितेंद्र पिता हेमंत राठौड़ से गुप्ती बरामद की इसी प्रकार हीरानगर पुलिस ने धर्मेंद्र सोलंकी से चाकू और गोपाल वर्मा से तलवार बरामद की। सभी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया।

चाचा का सिर फोड़ा

फरियादी राजेंद्र पिता शिवनारायण गुर्जर निवासी स्कीम नंबर 78 ने पुलिस को बताया कि भतीजे प्रकाश गुर्जर ने घरेलू बात को लेकर उसके सिर पर डंडा मार दिया जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी प्रकाश के खिलाफ केस दर्ज किया।

नशा करते धराएं

छोटी ग्वालटोली पुलिस ने गांजा पीते हुए सूरज पिता राम गोपाल विजय पिता चंद्रकांत सुरेश पिता अनिल और भारत रघुवंशी को पकड़ा इनके पास से गांजे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

रिक्शा के कांच फोड़े

फरियादी विनोद पिता हुकम चंद प्रजापत निवासी भगत सिंह नगर की ऑटो रिक्शा के कांच दीपक यादव ने फोड़ दिए और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

दो किशोरी लापता

राजनगर में रहने वाली किशोरी परिजन को चाचा के घर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। इसी प्रकार अहिर खेड़ी में रहने वाली किशोरी परिजन को बिना बताए घर से चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपहरण का केस दर्ज किया।

वसूली के लिए चाकू मारा

वृंदावन कॉलोनी में किरण व्यापारी मोहन पिता लक्ष्मी नारायण से क्षेत्र के गुंडे अशोक यादव ने 500 रुपए हफ्ता मांगा उसने मना किया तो चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दरजी किया।

शराब की पेटी सहित पकड़ा

राजेंद्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तेजपुर गड़बड़ी मंडी के पास से दिनेश पिता पन्नालाल कौशल को पकड़ा और एक पेटी शराब जप्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

टक्कर से दो घायल

विजयनगर चौराहे पर एक्टिवा सवार महेश पिता बाबूलाल तिवारी और ललित पिता विष्णु शर्मा दोनों निवासी क्लर्क कॉलोनी को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

महिला को धमकाया

फरियादी कुसुम पति नरेंद्र सिसोदिया निवासी मुसाखेड़ी ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले विशाल पिता लक्ष्मण वर्मा ने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

गांजा सहित दो बंदी

शिप्रा पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार नरेश पिता जगदीश मौर्य और सुरेश पिता कांतिलाल चौहान को पकड़ा इनके पास से 530 ग्राम गांजा बरामद किया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

किशोर का अपहरण

बड़ी ग्वालटोली में रहने वाले दिलीप पिता बद्रीलाल सोनकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई की उसकी 16 वर्षीय बेटे दीपक को अज्ञात आरोपी बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

सुनसान क्षेत्र से वाहन चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर 8 जनवरी हीरानगर पुलिस ने लग्जरी कार चुराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि वह सुनसान क्षेत्र से गाड़ियां चुराते थे।

हीरानगर टी आई पीएल शर्मा के मुताबिक 2 जनवरी को एक युवक ने शिकायत की थी कि उसकी लग्जरी कार को अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। उनके निर्देश पर एक टीम गठित की गई।

टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सो से अधिक सीसीटीवी के फुटेज किया और मुखबिर की सूचना पर दीपक पिता रमेश नहर 23 साल निवासी लाल माटी थाना धनापुर जबलपुर शुभम उर्फ प्रिंस पिता किशोर सिंह 33 साल प्रवीण उर्फ गोलू पिता अशोक 32 साल और मोहित पिता बलवीर सिंह परिहार 30 साल को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराई गई कार बरामद की है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह सुनसान क्षेत्र में रेकी कर गाड़ियां चुराते थे। आरोपियों ने आधा दर्जन दो पहिया वाहन चुराना भी कबूल किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और भी चोरी की गाड़ियां मिलने की संभावना है।

मकान बेचने की बात पर प्रॉपर्टी ब्रोकर ने किया जानलेवा हमला

इंदौर । जनवरी लसूडिया थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी ब्रोकर ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया। बचाने आया भाई भी घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जितेंद्र पिता रमेश कुमार धाकड़ 30 साल निवासी निपानिया ने पुलिस को बताया कि मैं अपने मकान बेचने की बात कर रहा था तभी प्रॉपर्टी ब्रोकर आनंद शर्मा निवासी पिपलिया कुमार काकड़ आया और बोला कि मेरे बिना पूछे तुमने मकान क्यों बचा है मैंने कहा कि मकान मेरा है मैं किसी को भी बेच दूंगा तू कौन होता है इसी बात पर उसने गालियां दी और पेट की जेब में से चाकू निकाल कर मेरे पेट के दाएं मार दिया और फिर हाथ पर मारा इसी दौरान भाई संतोष बीच बचाव करने आया तो उसे भी चाकू मार दिया और धमकी देकर फरार हो गया। लसूडिया पुलिस ने आरोपी आनंद शर्मा के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 294 और 507 का प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी विशाल पिता मुन्नालाल सोलंकी निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग को घूरने की बात को लेकर जितेंद्र पिता शंकर यादव ने चाकू मार दिया जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

सूदखोर के कारण युवक ने दी जान, तीन पर केस दर्ज

इंदौर । गट दिनों बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक द्वारा की गई खुदकुशी के मामले में पुलिस ने तीन सूदखोर के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरिराज पिता राजेंद्र प्रसाद 30 साल निवासी भवानी नगर ने 27 दिसंबर को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। टी आई नीरज कुमार ने बताया कि गिरिराज ने सूदखोर विनोद साहू राकेश ठाकुर और मनोज चायवाला से 50 हजार रुपए ब्याज पर लिए थे। उसने मूलधन और ब्याज सहित पैसे तीनों को दे दिए थे इसके बाद भी तीनों उससे 50 हजार रुपए मांग कर प्रताड़ित कर रहे थे। इसी के चलते उसने यहां कदम उठाया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 306 का प्रकरण दर्ज किया है।

महिला तस्कर से ढाई किलो गांजा बरामद किया

इंदौर 8 जनवरी बाणगंगा पुलिस ने महिला तस्कर को गिरफ्तार कर ढाई किलो गांजा बरामद किया है। महिला पहले भी मादक पदार्थ की तस्करी में पकड़ चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टी आई नीरज कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के पीछे नाले के पास महिला गांजा बेच रही है। उनके निर्देश पर महिला पुलिस ने घेराबंदी कर उषा उर्फ काली निवासी छोटी कुमार खाड़ी को गिरफ्तार कर ढाई किलो गांजा और तराजू आदि उपकरण जप्त किए हैं। पुलिस ने उषा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इसी प्रकार पुलिस हीरानगर ने मुखबिर की सूचना पर जितेंद्र पिता रामस्वरूप जाट निवासी कौशल्यपुरी को पकड़ा और उसके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है।

आप आत्मा के पूजा स्थल हैं
परम पूज्य माता जी श्री निर्मला देवी । 7 मार्च 1981

आपको बस अपने आप को स्वीकार करना है, बस हो गया। सहजयोग ठीक इसी तरह से आसान है। आप मेरे सामने एक आसान सा प्रश्न पूछें, ₹माँ, क्या मैं आत्मा हूँ, क्या मैं स्वयं का गुरु हूँ?₹ आप अपने स्वंय के गुरु हैं, लेकिन पहले आपको आत्मसाक्षात्कार लेना होगा। उससे पहले माँ आपकी गुरु हैं, लेकिन एक बार जब आप आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर लेते हैं तो आप स्वयं के गुरु बन जाते हैं ।.........

अब मैं करती यह हूँ, कि मैं आपको अपने ह्रदय में धारण करती हूँ और आपको आपके सहस्त्रार के द्वारा निर्मल जन्म देती हूँ।.... आप परमात्मा के प्रेम के सागर की तुलना में कितने पाप कर सकते हैं? मैं प्रेम के सागर की बात कर रही हूँ। अतः अगर आपके अंदर प्रकाश आ गया है, तो आप अपने प्रति दयालु बनें । अपने ऊपर दया करें। आप आत्मा के पूजा स्थल हैं।

क्यों मनाई जाती है मकर संक्रांति, दान करने से सूर्य और शनिदेव होते हैं प्रसन्न

मकर संक्रांति के ज्योतिषीय महत्व के साथ-साथ इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बड़ा माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्यदेव शनिदेव के पिता हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं जहां के एक महीने तक रहते हैं।

हिंदू धर्म में हर माह आने वाले व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह में मकर संक्रांति के त्योहार का खास महत्व माना जाता है। इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी 2024 को मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के जीवन में हर तरह कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को देशभर के कई भागों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में जहां इस त्योहार को खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है तो गुजरात और महाराष्ट्र में इसे उत्तराणय के नाम से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व मनाया जाता है। आइए जानते हैं मकर संक्रांति के त्योहार का महत्व क्यों विशेष माना जाता है।

क्यों मनाई जाती है मकर संक्रांति, दान करने से सूर्य और शनिदेव होते हैं प्रसन्न

मकर संक्रांति के ज्योतिषीय महत्व के साथ-साथ इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बड़ा माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्यदेव शनिदेव के पिता हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं जहां के एक महीने तक रहते हैं।

मकर संक्रांति से ऋतु में बदलाव आने लगता है। शरद ऋतु की विदाई होने लगती है और बसंत ऋतु का आगमन शुरू हो जाता है।

हिंदू धर्म में हर माह आने वाले व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पौष माह में मकर संक्रांति के त्योहार का खास महत्व माना जाता है। इस साल मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी 2024 को मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति पर गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के जीवन में हर तरह कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को देशभर के कई भागों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में जहां इस त्योहार को खिचड़ी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है तो गुजरात और महाराष्ट्र में इसे उत्तराणय के नाम से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व मनाया जाता है। आइए जानते हैं मकर संक्रांति के त्योहार का महत्व क्यों विशेष माना जाता है।

अमर उजाला amarujala.com
मकर संक्रांति 2024

मकर संक्रांति का ज्योतिषीय महत्व

मकर संक्रांति के त्योहार का ज्योतिष में विशेष महत्व माना जाता है। हर साल मूल रूप से मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाती है। इसी दिन से सूर्य उत्तराणय होते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य धनु राशि की यात्रा को विराम देते हुए मकर राशि में प्रवेश करते हैं। दरअसल सभी हिंदू व्रत और त्योहारों की तिथियों की गणना चंद्रमा पर आधारित पंचांग के अनुसार करते हैं, लेकिन मकर संक्रांति का पर्व सूर्य पर आधारित पंचांग के आधार पर करते हैं। पूरे एक वर्ष में कुल 12 संक्रान्तियां होती हैं। जिसमें चार संक्रांति मेष, कर्क, तुला और मकर संक्रांति बहुत महत्वपूर्ण मानी गई हैं। पौष मास में जब सूर्य धनु राशि से निकल मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रान्ति के रूप में जाना जाता है। सूर्य के मकर रेखा से उत्तरी कर्क रेखा की ओर जाने को उत्तरायण और कर्क रेखा से दक्षिणी मकर रेखा की ओर जाने को दक्षिणायण कहते हैं।

मकर संक्रांति का धार्मिक महत्व

मकर संक्रांति के ज्योतिषीय महत्व के साथ-साथ इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बड़ा माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्यदेव शनिदेव के पिता हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं जहां के एक महीने तक रहते हैं। शनिदेव मकर और कुंभ राशि के स्वामी हैं। इस तरह से मकर संक्रांति पिता और पुत्र के मिलन के रूप में देखा जाता है। वहीं एक दूसरी कथा के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों के आतंक से पृथ्वी लोक के वासियों को मुक्ति कराने के लिए असुरों का संहार कर उनके सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। तब से ही मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इसके अलावा मकर संक्रांति नई ऋतु के आगमन के तौर पर भी मनाया जाता है। मकर संक्रांति से ऋतु में बदलाव आने लगता है। शरद ऋतु की विदाई होने लगती है और बसंत ऋतु का आगमन शुरू हो जाता है।

उत्तराणय देवता के दिन और दक्षिणायण रात

मकर संक्रांति के त्योहार के बाद से दिन लंबे होने लगते हैं और रातें छोटी होने लगती हैं। सूर्य एक वर्ष में उत्तरायण और दक्षिणायण होते हैं। शास्त्रों के अनुसार उत्तरायण देवताओं का दिन और दक्षिणायण देवताओं की रात मानी जाती है। सूर्य जब दक्षिणायन में रहते हैं तो इस दौरान देवी- देवताओं की रात्रि और उत्तरायण के 6 माह को दिन कहा जाता है। दक्षिणायन को नकारात्मकता और अंधकार का प्रतीक जबकि उत्तरायण को सकारात्मकता और प्रकाश का प्रतीक माना गया है।

दूर होते हैं शनि दोष

मकर संक्रांति पर भगवान सूर्य की उपासना, दान, गंगा स्नान और शनिदेव की पूजा करने से सूर्य और शनि से संबंधित तमाम तरह के कष्ट दूर हो जाते हैं। दरअसर सूर्यदेव अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उनके घर जाते हैं और शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं,उसमें सूर्य के प्रवेश मात्र से शनि का प्रभाव क्षीण हो जाता है।

मकर संक्रांति की पौराणिक मान्यताएं

- मकर संक्रांति के दिन ही भीष्म पितामह महाभारत युद्ध समाप्ति के बाद सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा में मकर संक्रान्ति को प्राण त्यागे थे।
- मकर संक्रांति पर देवी यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिए व्रत किया था।
- मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगा कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जा मिली थी और भगीरथ के पूर्वज महाराज सगर के पुत्रों को मुक्ति प्रदान की थी।

मकर संक्रांति पर उपाय

मकर संक्रांति पर कुछ उपाय करने से कष्टों से मुक्ति और पुण्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करना चाहिए ऐसा करने से दस हजार गौ दान का फल प्राप्त होता है। इस दिन ऊनी कपड़े, कम्बल, तिल और गुड़ से बने व्यंजन और खिचड़ी दान करने से सूर्य और शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। मकर संक्रांति पर प्रयाग के संगम तट पर स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति पर तिल का दान, घी का दान, गुड़ का दान और खिचड़ी का दान करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

Rohit Shetty ने किया 12वीं फेल के रियल लाइफ हीरो मनोज कुमार शर्मा संग काम, फोटो शेयर कर बताया किस्सा

विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल हर जगह छाई हुई है। हर कोई इसके रील और रियल लाइफ किरदारों की तारीफ कर रहा है। अब इंडियन पुलिस फॉर्स के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने भी अपने सोशल मीडिया पर आईपीएस मनोज कुमार शर्मा संग एक फोटो शेयर की है और साथ ही उनके साथ काम करने का किस्सा भी शेयर किया है।

नई दिल्ली। विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म 12वीं फेल काफी सुर्खियों में बनी हुई है। कई सेलेब्स ने इस फिल्म को देखने के बाद इसकी सराहना की और साथ ही अभिनेता के अभिनय की भी तारीफ की। सिर्फ विक्रांत मैसी ही नहीं, बल्कि फिल्म के रियल लाइफ हीरो आईपीएस मनोज कुमार शर्मा भी काफी लाइमलाइट में रहे।

अब इंडियन पुलिस फोर्स के डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने 12वीं फेल के रियल लाइफ हीरो आईपीएस मनोज कुमार शर्मा संग मुलाकात की एक तस्वीर शेयर की है और एक खास नोट भी लिखा है। चलिए जानते हैं रोहित ने क्या कहा।

मनोज कुमार शर्मा संग दिखे रोहित

आज 8 जनवरी को डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इस फोटो में उनके साथ 12वीं फेल के रियल लाइफ हीरो आईपीएस मनोज कुमार शर्मा नजर आए। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा मिलिए 12वीं फेल के असली हीरो मनोज कुमार शर्मा से, कोविड के दौरान उनके साथ काम करने का सम्मान मिला, उस समय वह मुंबई पुलिस में कार्यरत थे। अगर आपने 12वीं फेल नहीं देखी है, तो कृपया जरूर देखें। यह विशेष रूप से लोगों के लिए एक प्रेरणादायक कहानी है छात्र और युवा।

कंगना ने की थी फिल्म की तारीफ

कुछ समय पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म और विक्रांत मैसी की तारीफ की थी। एक्ट्रेस ने बताया कि वह मूवी देखने के दौरान काफी रोईं और उन्होंने विक्रांत के लिए लिखा कि वह अद्भुत से भी परे है। विक्रांत अपने आने वाले सालों में इरफान खान की कमी को पूरा कर सकते हैं।

ओटीटी पर आ चुकी है 12वीं फेल

बता दें कि विक्रांत मैसी स्टारर यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। ऐसे में अगर आप इसे सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं, तो ओटीटी इसे देख सकते हैं। लगभग 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 66 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही।



Farm House wala.com
www.one-bigha.com
STARTING PRICE - 351/- SQFT
Platinum Package
Picture Perfect
FARMHOUSES FOR SALE
Home Features
- 10*20 swimming pool
- Plantation
- Rcc Boundari
- Landscaping
- Fountain
- 800 sqft 2 bhk

Call To Find Out More
8889066688, 9109639404
www.farmhousewalaa.com

अफगानिस्तान से टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, रोहित शर्मा बने कप्तान, विराट कोहली की भी वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है. सीरीज के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली की टी20 फॉर्मेट में वापसी हुई है. जबकि चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है. सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को मोहाली में होगा.

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है. सीरीज के लिए रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपी गई है. जबकि विराट कोहली की भी टी20 फॉर्मेट में वापसी हुई है.

कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बीसीसीआई को सूचित किया था कि वे टी20 में चयन के लिए उपलब्ध हैं. ऐसे में दोनों खिलाड़ियों को इग्नोर करना काफी मुश्किल होता. बता दें कि रोहित तीनों ही फॉर्मेट में टीम इंडिया के आधिकारिक कप्तान हैं, ये अलग बात है कि उन्होंने और विराट कोहली ने एक साल से कोई टी20 मैच नहीं खेला है.

सिराज औऱ बुमराह को दिया आराम

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है. सिराज और बुमराह ने केपटाउन टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी. दोनों तेज गेंदबाज अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने उतरेंगे. भारतीय टीम मैनेजमेंट चाहती है कि ये दोनों गेंदबाज इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तरोताजा रहें.

बता दें कि भारतीय टीम और अफगानिस्तान के बीच सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को मोहाली में होगा. फिर दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 मैच 14 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा. फिर बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम टी20 सीरीज के आखिरी मैच की मेजबानी करेगा

एलिसा पैरी ने सिक्स लगाकर दिलाई ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से जीत, 1-1 से बराबर हुई टी-20 सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दूसरे टी–20 मुकाबले में 6 विकेट से हराया। हरमनप्रीत एंड कंपनी से मिले 131 रन के लक्ष्य को कंगारू टीम ने 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दूसरे टी–20 मुकाबले में 6 विकेट से हराया। हरमनप्रीत एंड कंपनी से मिले 131 रन के लक्ष्य को कंगारू टीम ने 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा पैरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों पर 34 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, एलिसा हीली ने 26 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा में 2 विकेट अपने नाम किए।

इससे पहले टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 130 रन लगाए। टीम की ओर से सर्वाधिक 30 रन दीप्ति शर्मा ने बनाए। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने तीन मैचों की सीरीज को 1–1 से बराबर कर दिया है।

RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD

तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT

Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

प्रधानमंत्री श्री मोदी का हर सपना साकार करने के लिए हम संकल्पित हैं -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा पर हितग्राहियों से की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ सुना प्रधानमंत्री श्री मोदी का संवाद और उद्बोधन

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वार्ड क्रमांक 25, बाणगंगा बस्ती के निवासियों के साथ शामिल हुए और प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न राज्यों के हितग्राहियों से यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के बाणगंगा स्थित संतोषी माता मंदिर के पास बने सभा स्थल पहुंचने पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, जनप्रतिनिधि श्री सुमित पचौरी तथा पार्षदगण ने स्वागत किया, मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सभा स्थल पर जन कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने भी वर्चुअली संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों को दिलाई शपथ

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित नागरिकों को卐भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने卐 की शपथ दिलाई।

किसान, गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को सुनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभा स्थल पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसान,गरीब, महिला और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के पास काम हो, हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और प्रधानमंत्री श्री मोदी का हर सपना साकार हो, इसके लिए हम संकल्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता के अनुरूप प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, फर्टिलाइजर के उपयोग में कमी लाने, विश्वकर्मा योजना सहित स्वरोजगार के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार कार्यरत है।

खंडवा रोड की सर्व सुविधायुक्त प्रीमियम टाउनशिप
''अचीरा ग्रीन्स''
में खरीदे बहुत ही किफायती कीमत पर
आप के सपनो का प्लॉट
660, 880, 1100 Sqft
Offer Rate
₹ 1800/- का भाव
अब ₹ 1651/-
लोन सुविधा उपलब्ध है।
Booking Amount ₹ 51000/-
अभी बुक करे : 91096 39404 / 8889066688
Find Your Dream Plots
Premium Location
ACHIRA GREENS
A Smart Township

चंदन नगर में शुरू हुआ नि-शुल्क सिलाई, फैशन डिजाइनिंग कोर्स-इंदौर में बनेंगी 60 से अधिक बहनें आत्मनिर्भर

चंदन नगर क्षेत्र में गरीब महिलाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई एवं फैशन डिजाइनिंग कोर्स सेंटर का शुभारंभ रविवार से किया गया। शुरुआत में अभी तक 60 से अधिक महिलाओं ने अपने फार्म जमा किए। कोर्स सेंटर का शुभारंभ जस्टिस फॉर ह्युमन राइट्स एंड पीस ऑर्गेनाइजेशन (दिल्ली) के इंदौर जिला अध्यक्ष एवं किवानीस इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के मेम्बर शोएब खान के द्वारा अपनी दोनों संस्थाओं के बैनर तले किया गया।

नि:शुल्क सेंटर के संचालक शोएब खान ने बताया की मेरी संस्था का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए ताकि वह पति के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपने परिवार के साथ हर परिस्थिति में अपना योगदान देकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकें। नि:शुल्क कोर्स चार महीने का होगा, जिसमें प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस सेंटर को आगे भी संचालित किया जाएगा। अभी अगले सेशन के लिए 100 से अधिक और फार्म लिए जा चुके हैं। इसके अलावा इंदौर शहर में अलग –अलग क्षेत्रों में भी चार और नि:शुल्क सेंटर संस्था द्वारा शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे।

सेंटर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के संचालक प्रो. हलीम खान सर थे। साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी एवं संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बेग, वरिष्ठ समाजसेवी अकबर खान, क्षेत्रीय पार्षद रफीक खान, वरिष्ठ समाजसेवी मनीषा शिरोडकर, सीनियर एडवोकेट जफर खान, वरिष्ठ पत्रकार आदिल सईद आदि ने शिरकत की। इस मौके पर अन्य सामाजिक कार्यकर्ता गुलजार शाह, रियाज खान, इरफान अली, अशरफ खान, मुजफ्फर बाबा भी शामिल हुए।

17 जनवरी को इंदौर आएँगे सीएम मोहन यादव-बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री तक होगा रोड शो

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में 17 जनवरी को इंदौर में रोड शो होगा। भाजपा इंदौर संगठन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। यह रोड शो पिछले माह प्रस्तावित था, लेकिन किसी वजह से अंतिम समय में इसे निरस्त कर दिया गया था। अब रोड शो की नई तारीख तय हो गई है। रोड शो बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक होगा।

रोड शो के रूट पर सैकड़ों मंचों से बीजेपी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। इस दौरान घरों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों से भी सीएम पर पुष्प वर्षा की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि यह रोड शो भव्य होगा, तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही समय भी तय कर लिया जाएगा। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रूपरेखा तय करेंगे। पुष्पवर्षा, आतिशबाजी के साथ ही ढोल–ढमाकों के साथ सीएम का स्वागत किया जाएगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने उद्घाटन कियाप्रदेश की पहली सेंट्रल ड्रग टेस्टिंग लैब शुरू, इंदौर का हेल्थ सर्वे मॉडल अब पूरे देश में लागू होगा

प्रदेश की पहली और देश की आठवीं सेंट्रल ड्रग टेस्टिंग लैब रविवार से इंदौर में शुरू हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने लैब का उद्घाटन करते हुए कहा- आने वाले समय में इंदौर में मेडिकल उपकरणों की जांच सुविधा भी शुरू होगी। इससे इंदौर के पास मेडिकल डिवाइसेज पार्क के सफल होने में बड़ा सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इंदौर का हेल्थ सर्वे मॉडल अब पूरे देश में लागू होगा। जीपीओ चौराहा पर 18 करोड़ रुपए से तैयार ड्रग टेस्टिंग लैब का उद्घाटन किया गया। यहां सालभर में 3000 सैंपल की जांच की जा सकेगी। फार्मा कंपनियों को अपनी दवाइयों की जांच के लिए सैंपल प्रदेश से बाहर नहीं भेजना पड़ेंगे।

रिमोट चला नहीं, फूलों का स्वागत द्वार गिरा

उद्घाटन के लिए मंत्री को रिमोट दिया। रिमोट नहीं चला तो मंत्री ने हाथ से परदा उठाकर उद्घाटन किया। यहां मंत्री के स्वागत में बनाया गया फूलों का गेट भी उनके पहुंचने से पहले ही गिर पड़ा। शुक्र है कोई जनहानि नहीं हुई।

जनभागीदारी से हेल्थ सर्वे जैसे प्रयास प्रशंसनीय

मंडाविया ने कहा जनभागीदारी से हेल्थ सर्वे जैसे प्रयास प्रशंसनीय हैं। सांसद शंकर लालवानी ने कहा प्रधानमंत्री ने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर की बात कही, तब हमें विचार आया कि इंदौर को सेहत के मामले में भी नंबर 1 शहर बनाना है। समय रहते बीमारियों का पता लग जाए तो इलाज पर खर्च होने वाले 15 हजार करोड़ का भार कम किया जा सकता है। डॉ. विनीता कोठारी ने सर्वे के डेटा की जानकारी दी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा)